कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जबलपुर

क्रमांक/181/स्थापना/स्टेनो/2025 **जबलपुर, दिनाँक 27.01.2025**

आदेश

1. यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कतिपय राजस्व अधिकारियों और पटवारियों द्वारा मुख्यालय पर निवास नहीं किया जाकर जबलपुर अथवा तहसील मुख्यालय से अपडाउन किया जा रहा है। इस प्रवृत्ति से राजस्व कार्यों के निष्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में दिक़्क़त हो रही है।
2. जिले के समस्त पटवारी सहित समस्त राजस्व अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि वह तत्काल प्रभाव से मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से निवास करें. सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये कोई भी राजस्व अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे, अन्यथा स्थिति में वरिष्ठ अधिकारी अनुशासनात्मक कारवाई सुनिश्चित करेंगें।
3. समस्त तहसीलदार पटवारियों से मुख्यालय पर उनके निवास स्थान की जानकारी प्राप्त कर संधारित करें और मुख्यालय पर निवासरत न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करें.
4. समस्त पटवारी प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक कार्य स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें। सोमवार से शुक्रवार तक वह किस कार्य स्थल (ग्राम) में उपस्थित रहेगें, उसकी जानकारी निम्नलिखित सार्वजनिक करेगें ताकि नागरिकों को उनसे मिलने में दिक़्क़त न हो। तहसीलदार उक्त जानकारी संकलित कर दिनांक 28.01.2025 तक भू अभिलेख शाखा को उपलब्ध करायेंगे।

पटवारी का नाम		
मोबाइल नंबर		
पटवारी मुख्यालय		
सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक कार्य स्थल पर उपस्थिति की जानकारी		
दिवस	ग्राम का नाम जहां उपस्थित रहा जाएगा	स्थान
सोमवार		
मंगलवार		
बुधवार		
गुरुवार		
शुक्रवार		

5. तहसीलदार द्वारा तहसील मुख्यालय पर पटवारी बैठक के लिये स्पेसिफिक दिन नियत किया जाये ताकि तहसील में बैठक के लिये पटवारी को बार-बार कार्य क्षेत्र छोड़ने की नौबत न आये. एक माह में यथासंभव दो दिवस ही पटवारी बैठक के लिये नियत किये जायें। इसके अलावा राजस्व कार्यों की समीक्षा राजस्व निरीक्षक मण्डल मुख्यालय पर की जाये। विशेष परिस्थिति में वीडियो कान्फ्रेंस के ज़रिये बैठक की जाये।

दीपक सक्सेना
कलेक्टर
जबलपुर

पृष्ठांकन क्रमांक/181/स्थापना/स्टेनो/2025 **जबलपुर, दिनाँक 27.01.2025**

1. आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर सादर सूचनार्थ।

सूचनार्थ/पालनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु-

2. अपर कलेक्टर शहर/ग्रामीण जबलपुर
3. समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर
4. समस्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार जबलपुर
5. समस्त अधीक्षक/सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख जबलपुर
6. समस्त राजस्व निरीक्षक जबलपुर
7. समस्त पटवारी जबलपुर
8. उप संचालक जनसंपर्क जबलपुर

कलेक्टर
जबलपुर